तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 7 सितंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 अब सौर ऊर्जा से संचालित होगा कोहड़िया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट



## खबर संक्षेप

### पानी कम होने पर बांगो बांध का गेट किया जाएगा बंद

**कोरबा।** मिनीमाता बांगो बांध से अभी भी पानी छोड़ने की प्रक्रिया जारी है। शनिवार की दोपहर तक आठ गेट से पानी छोड़ने के बाद जलस्तर में आई कमी को देखते हुए अब पानी छोड़ने की मात्रा को कम किया जा रहा है। कार्यपालन अभियंता मिनीमाता बांगो बांध संभाग धर्मेंद्र निखरा ने बताया कि पानी की आवक में कमी के कारण शनिवार शाम 5:55 बजे जलस्तर 357.70 मीटर तक पहुँच गया। गेट संख्या 8 जो 0.5 मीटर खुला था, शाम 5:55 बजे बंद कर दिया गया। परिणामस्वरूप, रेडियल गेटों से कुल डिस्चार्ज 14695 क्यूसेक से घटकर 11756 क्यूसेक हो गया। वर्तमान में गेट संख्या 4, 5, 6 एवं 7 खुले हैं और जलविद्युत संयंत्रों की तीन इकाइयाँ पूरी क्षमता से चल रही हैं और 9 हजार क्यूसेक पानी छोड़ रही हैं। इस प्रकार, शाम 5:55 बजे मिनीमाता बांगो बांध से कुल डिस्चार्ज 20756 क्यूसेक है। पानी की आवक कम होने पर आवश्यकतानुसार गेट से डिस्चार्ज कम/बन्द कर दिया जाएगा।

### भू-अधिकार संघर्ष समिति के सदस्यों मिले विस अध्यक्ष से



**हरदीबाजार।** भू-अधिकार संघर्ष समिति के सदस्यों ने रायपुर जाकर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह से मुलाकात कर 2004 एवं 2010 के बाद हुई एसईसीएल दीपका प्रोजेक्ट में अधिग्रहीत जमीन के रजिस्ट्री के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा कर जानकारी प्रदान कि गई एवं रजिस्ट्री को मान्य करते हुए प्रभावितों को मकान का सौ प्रतिशत सोलिसियम के साथ मुआवजा, पुनर्वास (बसाहट) दिलाने के लिए निवेदन करते हुए, मुख्य बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक सकारात्मक चर्चा की गई। जिस पर डा रमन सिंह ने उचित निराकरण करते हुए ग्रामीणों के मुआवजा में आनेवाली समस्या का समाधान के लिए जिला कलेक्टर को पत्र प्रेषित करने की अनुशंसा की बात कही। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जयसवाल, हरदीबाजार सरपंच लोकेश्वर कंवर, भूअधिकर संघर्ष समिति के अध्यक्ष डा विजय राठौर, सचिव सुरेन्द्र राठौर, लक्ष्मी नारायण साहू, रमन कुलहाड़े, वनमाली राठौर, मितेश सोनी, दिनेश बाजपाई उपस्थित रहे।

### पानी के बिना कूलिंग वाटर फिल्टर सिंटेक्स एवं बोर बना शो पीस

**हरदीबाजार।** पुलिस थाना हरदीबाजार में पानी की विकराल समस्या हो गई है एसईसीएल दीपका एवं गेवरा खदान नजदीक आ जाने एवं हैवी ब्लास्टिंग होने से पुलिस थाना परिसर में हुआ बोर धंस गया है। जिस कारण पानी नहीं मिल रहा है जब की थाना परिसर में पानी पीने के लिए कूलिंग वाटर फिल्टर लगा है ओ भी पानी नहीं होने से महज शो पीस बन कर रह गया है। लगभग एक वर्ष से पानी पीने के लिए टेंकर बुलाकर दिनचर्या का काम चलाना पड़ रहा है। थाना के ऊपर कर्मचारियों के लिए बना कमरा एवं शौचालय आज अनुपयोगी साबित हो रहा है। इस दिशा में थाना प्रभारी भी गंभीर दिखाई नहीं दे रहे हैं, जबकि उन्हें भी थाना में ड्यूटी करना है। थाना में कार्यरत स्टाप कर्मचारियों के सामने पानी बड़ी समस्या बनी हुई है। इसके निदान के लिए एसईसीएल प्रबंधक व स्थानीय जनप्रतिनिधियों को ध्यान देने की जरूरत है, अन्यथा कर्मचारी पानी ही भरते रहेंगे, पानी की समस्या से जुझते रहेंगे तो क्षेत्र में पुलिसिंग कैसे होगी ,इस पर विभाग को भी संज्ञान लेने की जरूरत है।

# लंबे समय बाद जर्जर आंगनबाड़ी भवन की अब बदलेगी तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

लंबे समय से जर्जर भवन में संचालित होने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों की अब तस्वीर बदलने जा रही है। महिला बाल विकास विभाग के द्वारा भेजे गए प्रस्ताव के अंतर्गत तीन सौ भवन बनाए जाएंगे। जिनके लिए खनिज न्यास मद से राशि जारी की जाएगी। बीते पांच साल बाद महिला बाल विकास विभाग को आंगनबाड़ी भवनों के लिए राशि मिली है।

बच्चों और महिलाओं की केंद्र और यूनिसेफ की योजनाओं को मैदानी स्तर तक चलाने वाली महिला बाल विकास विभाग के कई ऐसे केंद्र हैं जो जर्जर हो चुके हैं। बारिश के मौसम में ऐसे केंद्र संचालन के लिए उपयुक्त नहीं होने से इनका संचालन कार्यकर्ता अपने घरों में कर रही थी। ग्रामीण अंचलों में लगभग यही स्थिति थी। कुछ शहरी क्षेत्रों में भी ऐसे केंद्र नजर आये जो मरम्मत की बाटजोह रहे थे। दो वर्ष पूर्व जिला मुख्यालय में ही डिंगापुर क्षेत्र में एक जर्जर भवन के धराशायी होने की घटना हुई थी जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र चला करता था। घटना दिनांक को केंद्र बंद होने के कारण कोई बड़ी अनहोनी घटना नहीं हुई। उसके बाद से लगातार विभाग के द्वारा अपने उच्च विभाग को जर्जर आंगनबाड़ी भवन के जगह नए भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा गया। किंतु हर बार उच्च विभाग के द्वारा प्रस्ताव पर स्वीकृति नहीं देने से चार साल तक महिला बाल विकास विभाग जर्जर भवनों की मरम्मत कराने में असमर्थ रहा। अब हाल ही में नये भवन के लिए विभाग के द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को डीएमएफ पर रखा गया जहां शासकीय परिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने के बाद 3 सौ भवन निर्माण का रास्ता खुल गया है।

## पहले चरण में तीन सौ भवन का होगा निर्माण

**खास बातें**

- डीएमएफ से स्वीकृत की गई नए भवन निर्माण की राशि
- विभाग के प्रस्ताव को शासन से नहीं मिली स्वीकृति



### 9 करोड़ से अधिक की राशि होगी खर्च

तीन सौ आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण में लगभग 9 करोड़ की राशि खर्च होगी। इतनी बड़ी राशि का प्रस्ताव ही राज्य शासन से स्वीकृत नहीं हुआ था। जिसकी वजह से डीएमएफ से राशि स्वीकृत करनी पड़ी। ये सभी आंगनबाड़ी केंद्र ग्रामीण अंचलों के हैं। जिनके मरम्मत को लेकर विभाग के पास बजट नहीं होने का हवाला देकर उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया गया था। इन क्षेत्रों के अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र कार्यकर्ताओं के घर में या किराये के भवन में संचालित हो रहे थे।

### पिछड़ी संरक्षित जनजाति क्षेत्रों को जोड़ना है पहुंचमार्ग से, पाली विकासखंड के शिवपुर पंचायत में ही बनी है सड़क

# एक साल में एक सड़क बन सकी, पीएम जनमन योजना से बनना है 23 स्थानों पर सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पीएम जनमन योजना अंतर्गत पिछड़ी संरक्षित जनजाति क्षेत्रों तक पहुंच मार्ग निर्माण के लिए एक साल पूर्व सर्वे करने के साथ 23 स्थानों को इसके लिए चयनित किया गया था। जो दूरस्थ क्षेत्र में बसे पिछड़ी जनजाति क्षेत्र कहलाते हैं। आरईएस को इसके लिए निर्माण एजेंसी बनाया गया था और अब तक केवल पाली विकाखंड के ग्राम पंचायत शिवपुर में ही सड़क निर्माण कार्य पूरा हो सका है।

एक साल से पीएम जनमन योजना के तहत पहुंचमार्ग निर्माण की जिम्मेदारी उठाने वाले ग्रामीण यांत्रिकी विभाग की उदासीनता की वजह से पहुंचमार्ग निर्माण को लेकर तत्परता नहीं दिखाई जा रही है। हाल ही में हुई भारी बारिश से कई ऐसे पहुंचमार्ग थे जिनके बारिश में कटाव के कारण बह जाने से आवागमन बंद हो गया। ऐसी स्थिति में पिछड़ी संरक्षित जनजाति क्षेत्र जहां पहुंचमार्ग का निर्माण ही नहीं हो सका है वहां की क्या स्थिति होगी। स्थानीय निवासी बताते हैं कि विकासखंड कोरबा के डोकरमना, बड़मार, कुदरीचिंगर सहित खम्होन ऐसे गांव शामिल हैं जहां पहुंचमार्ग का निर्माण आरईएस के द्वारा किया जाना था जिसके लिए टेंडर भी निकाले गए थे। ठेकेदार ने निर्माण सामग्री डंप करने के बाद काम अधूरा छोड़ दिए हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस मामले को लेकर जनपद पंचायत में भी शिकायत की है। विकाखंड कोरबा में सबसे ज्यादा पिछड़ी संरक्षित जनजाति क्षेत्र है इसके बाद पाली और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड आते हैं। जहां की पिछडी संरक्षित जनजाति क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए पगडंडी ही सहारा है।

### आवास और आंगनबाड़ी केंद्र भी होंगे तैयार

पिछड़ी संरक्षित जनजाति क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास के तहत पक्के आवास बनाने के साथ साथ आंगनबाड़ी भवन भी तैयार किए जाएंगे। इसके लिए आरईएस को निर्माण एजेंसी बनाया गया है। दोनों ही कामों में लेट लतीफी होने के कारण आवास पूरे होने पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। पहुंचमार्ग नहीं होने के कारण निर्माण सामग्री का पहुंचना भी ठेका कंपनियों के लिए मुश्किल भराकाम हो गया है। पहुंचमार्ग अधूरे होने की वजह से आवास और आंगनबाड़ी भवन के निर्माण के उपयोग में आने वाली निर्माण सामग्री भी नहीं पहुंच पाती।

# जंगली जानवारों का शिकार करने वाले दो आरोपियों को समझाइश देकर छोड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम खरहरकूड़ा में दो व्यक्ति करंट प्रभावित तार बिछाकर जंगली सुअर का शिकार करने की तैयारी में थे। इसी दौरान ग्रामीणों और विद्युत विभाग की टीम ने शिकार करने वाले दो लोगों को मौके पर पकड़ लिया। चौकाने वाली बात यह है कि मौके पर मौजूद वितरण विभाग की जेई निशा कंवर व उसके अधिनस्थ कर्मियों ने ग्रामीणों की आपत्ति को दरकिनार करते हुए दोनों आरोपियों को समझाइश देकर छोड़ दिया, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है।

**खास बातें**

- करंट प्रभावित तार से जंगली सुअर का शिकार करने की थी तैयारी
- ग्रामीण ने वितरण विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का लगाया आरोप

उल्लेखनीय है कि ग्राम खरहरकूड़ा जंगल, सोहागपुर फीडर क्षेत्र में शनिवार को एक बड़ा मामला सामने आया है। दो व्यक्ति को करंट प्रभावित तार बिछाकर जंगली सूअर मारने के आरोप में ग्रामीणों और विद्युत विभाग की टीम ने मौके पर पकड़ लिया। लेकिन चौंकाने वाली बात यह रही कि मौके पर मौजूद विभागीय जेई निशा कंवर व उनके अधीनस्थ कर्मचारियों ने ग्रामीणों की आपत्तियों को दरकिनार कर आरोपियों को सिर्फ समझाइश देकर छोड़ दिया। ग्रामीणों और प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार, करंट बिछाकर शिकार करने वाले दोनों आरोपी पास के पहाड़गांव और मुकुंदपुर से करीब 4 से 5 किलोमीटर दूर से आए थे। इनमें से एक आरोपी का नाम हेमंत ⏭ शेष पेज 3 पर

# छात्रावास संचालन से दूर दराज क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को मिलेगा लाभ : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



छात्रावास भवन का उद्घाटन करते उद्योग मंत्री।

डीएमएफ राशि का उपयोग करने का अधिकार जिला को दिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप डीएमएफ राशि का उपयोग जिले में अनेक महत्वपूर्ण कार्यों में किया जा रहा है। पहुंचविहीन, दूरस्थ क्षेत्रों में अनेक स्थानों में जरूरत अनुसार नए सड़क, पुल पुलिया, स्कूल, आंगनबाड़ी भवन का निर्माण किया जा रहा है। जिले के सभी शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला में सबेरे पौष्टिक नास्ता का वितरण, पीवीटीजी वर्ग के शिक्षित युवाओं को रोजगार, मेधावी छात्रों को निःशुल्क नीट व जेईई की तैयारी जैसे अनेक कार्य डीएमएफ के माध्यम से किए जा रहे है।

उक्त बातें वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में पीजी कॉलेज के सौ व 50 सीटर एवं शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के 100 सीटर कन्या छात्रावास के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ के दौरान कही। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि छात्रावास संचालन से होने वाले लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि जिले के दूर ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- पीजी कॉलेज में सौ व 50 सीटर एवं मिनीमाता में सौ सीटर कन्या छात्रावास का हुआ शुभारंभ
- पीवीटीजी वर्ग की महिलाओं को कन्या छात्रावास में चतुर्थ श्रेणी पद पर दी नियुक्ति पत्र

### तीन करोड़ की राशि स्वीकृत

जिला प्रशासन द्वारा दोनों महाविद्यालयों के कन्या छात्रावास के संचालन हेतु लगभग 3 करोड़ की राशि प्रदान की गई है। जिसमें पीजी कॉलेज में सौ सीटर कन्या छात्रावास के जीर्णोद्धार कार्य हेतु 31.40 लाख एवं संचालन हेतु आवश्यक सामग्री क्रय के लिए 57 लाख की राशि प्रदान की गई है। इसी प्रकार पीजी कॉलेज में 50 सीटर कन्या छात्रावास के जीर्णोद्धार कार्य हेतु 38.13 लाख एवं संचालन हेतु आवश्यक सामग्री क्रय हेतु 41 लाख की राशि एवं शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में सौ सीटर कन्या छात्रावास के जीर्णोद्धार कार्य हेतु 58.30 लाख एवं संचालन हेतु आवश्यक सामग्री क्रय हेतु 57 लाख की राशि प्रदान की गई है।

# गणेश दर्शन कर लौट रही व्यापारी की पत्नी से चेन-स्नेचिंग, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में दिनदहाड़े चेन स्नैचिंग की वारदात सामने आई है। कोतवाली थाना क्षेत्र के सीतामणी मुख्य मार्ग पर सप्तदेव मंदिर के पास बाइक सवार दो युवकों ने व्यापारी की पत्नी के गले से सोने की चेन छीन ली। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है, ताकि उनकी पहचान हो सके।

**खास बात**

- 2 लाख की चेन लेकर भागे बाइक सवार, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

जानकारी के मुताबिक व्यापारी अशोक अग्रवाल की पत्नी संतोष देवी शुक्रवार रात गणेश दर्शन कर प्रसाद लेकर घर लौट रही थीं। इस दौरान दो बाइक सवार आए। बाइक चालक ने हेलमेट पहन रखा था। पीछे बैठे व्यक्ति ने भगवा रंग का गमछा चेहरे पर बांधा था। दोनों ने अचानक संतोष देवी के गले से चेन छीनी और तेज रफ्तार में फरार हो गए। संतोष देवी ने शोर मचाया। राहगीरों ने आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वे भीड़भाड़ वाले मार्ग से निकल गए। पीड़िता के अनुसार चेन लगभग 2 तोले की थी, इसकी कीमत लगभग 2 लाख रुपए है। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। पीड़िता के पति अशोक ⏭ शेष पेज 3 पर



चेन स्नेचिंग से पीड़ित महिला।

### बच्चे नहीं जा रहे हैं आंगनबाड़ी और स्कूल, मामला पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के कटोहीनाला का

# नाले के उपर से बह रहा पानी, गाड़ियों को ले जाने कंधे का ले रहे सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में लगातार हो रही भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक लोग परेशानियों से जूझ रहे हैं। पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत कटोही नाला के उफान पर आने से जटगा व अमाओहा समेत आसपास के गांवों की कनेक्टिविटी बुरी तरह प्रभावित हुई। कई घंटों तक लोगों को एक छोर से दूसरे छोर जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

लगातार हो रही बारिश के चलते जटगा क्षेत्र का कटोही नाला तेज बहाव को झेल नहीं पाया और ओवरफ्लो हो गया। भारी मात्रा में बरसाती पानी आने से कई घंटों तक नाले में उफान की स्थिति रही। इस कारण ग्राम पंचायत पचरा के आश्रित ग्राम अमाओहा के लोग अलग-थलग पड़ गए। नाले के जल स्तर अधिक होने से लोग घंटों तक आवाजाही से वंचित रहे। स्थिति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जब पानी का बहाव थोड़ा कम हुआ, तब भी जोखिम बना रहा। ऐसे में ग्रामीणों को चार-पांच लोगों की मदद से मोटरसाइकिलें कंधों पर उठाकर एक किनारे से दूसरे किनारे ले जानी पड़ीं। मरीजों और जरूरी काम से जाने वाले लोगों को पहुंचाने में भी खासी मशक्कत करनी पड़ी। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल बरसात में यही स्थिति बनती है। मजबूरी में उन्हें जान जोखिम में डालकर नाले को पार करना पड़ता है। यदि जल्द ही यहां पुल का निर्माण नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में बड़ी दुर्घटनाएं होने की आशंका बनी रहेगी। ग्रामीणों ने प्रशासन और सरकार से जल्द से जल्द स्थायी समाधान की मांग की है।



गाड़ी को बांस से उठाकर ले जाते ग्रामीण।

### पुल निर्माण की मांग वर्षों से अधूरी

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का कहना है कि कटोही नाले पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही है। बावजूद इसके अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि एक ओर केंद्र सरकार ने कोरबा को आकांक्षी जिले में शामिल किया है और राज्य सरकार भी कई विकास योजनाओं को लागू कर रही है, लेकिन पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं।

### महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल

**कटघोरा।** जिले में अवैध मादक पदार्थ की बिक्री पर कार्यवाही जारी है। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी को मुखबीर से सूचना मिली कि सुतर्रा रापाखर्रा बाईपास के पास एक व्यक्ति भारी मात्रा में महुआ शराब रखकर अवैध बिक्री कर रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी ने तत्काल पुलिस टीम गठित कर मौके पर रवाना किया। रास्ते में रजकम्मा टोल प्लाजा मदनपुर के पास पुनः मुखबिर से पुख्ता जानकारी प्राप्त हुई हौर मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। पुलिस टीम को देखते ही शराब खरीदने पहुंचे लोग मौके से भाग निकले। वहीं एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में सामान के साथ मिला, जिसने पूछताछ में अपना नाम माखन सिंह ओटी उम्र 32 वर्ष पिता सरजू सिंह बताया।



## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला 9 व 10 अक्टूबर को

**बलरामपुर।** जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 9 व 10 अक्टूबर को किया जाना है। जिसके लिए नियोक्ता पंजीयन एवं अभ्यर्थियों के आवेदन की प्रक्रिया ई-रोजगार पोर्टल की साइट ई-रोजगार डॉट सीजी डॉट जीओव्ही डॉट ईन में की जा रही है। मेले के लिए उपलब्ध रिक्तियों 6,650 से अधिक है जो पोर्टल के मेन्यू के अंतर्गत लिंक पर देखी जा सकती है। उन्होंने इस संबंध में बताया है कि जिले के ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने मेला के लिए आवेदन किया है, जिला लॉगइन के डैशबोर्ड पर उनकी सूची पूर्ण तथा अपूर्ण प्रोफाइल दो वर्ग में देखी जा सकती है। जिन अभ्यर्थियों का नाम सूची क्रमांक 2 में है वे अपनी जानकारी पूर्ण कर लेवें। जिनका नाम सूची क्रमांक 1 मे है वे रिक्तियों का चयन कर अपनी प्रोफाइल जल्द पूर्ण कर लें।

### आरटीओ ई-चालान के नाम पर की जा रही है साइबर ठगी

**बलरामपुर।** साइबर ठग अब ट्रैफिक नियम तोड़ने के नाम पर आरटीओ का ई चालान भेजकर लोगों से ठगी को अंजाम दे रहे है। ठग लोगों के मोबाइल पर एपीके फाइल भेजकर उनसे ठगी करने के साथ ही व्यक्तिगत जानकारी और जमा खातों से पैसे चुरा ले रहे है। ऐसे में परिवहन विभाग ने लोगों को झांसे में नहीं आने व जागरूक रहने की सलाह दी है। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में आरटीओ ई-चालान से संबंधित स्कैम सामने आ रहे हैं। जिसमें नकली ई-चालान के माध्यम से लोगों को ट्रैफिक नियम तोड़ने के बारे में डराने वाले संदेश के माध्यम से लिंक भेजकर आम लोगों की व्यक्तिगत जानकारी और जमा खाते से पैसे चुरा लेते हैं। परिवहन विभाग ने लोगों से आह्वान किया है कि ऐसी धोखाधड़ी से बचने के लिए मैसेज लिंक जैसे (डॉट एपीके फाइल) पर क्लिक न करें। अपने वास्तविक चालान की जांच करने के लिए अधिकारिक विभागीय वेबसाईट ई चालान डॉट परिवहन डॉट जीओव्ही डॉट ईन पर जाकर ई-चालान के पेज पर पे ऑनलाइन पर क्लिक कर चालान नंबर एवं कैप्चा कोड डालकर गेट डिटेल पर क्लिक कर मोबाईल ओटीपी डालकर चालान विवरण संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। पुलिस एवं परिवहन के प्रवर्तन अमले द्वारा जब भी ई-चालान किया जाता है तो पंजीकृत मोबाइल में संबंधित को टेक्स्ट मैसेज आधिकारिक वेबसाईट के माध्यम से ही भेजे जाते हैं। परिवहन विभाग ने बताया है कि यदि आपको किसी ई-चालान मैसेज के साथ कोई लिंक मिलता है तो उस पर कभी क्लिक न करें। कभी भी किसी अजनबी को ऑनलाईन पैसे का भुगतान न करें, और अपने खाते से किसी भी लेने-देन से सावधान रहें। किसी भी धोखेबाज कॉल, संदेश या ऐप के संबंध में निकट पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

### गौ तस्करी के मामले में दो गिरफ्तार, सात मवेशी बरामद

**रामानुजगंज।** गौ तस्करी कर रहे दो लोगों को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार जिले के ग्राम बेलसर में शुक्रवार की सुबह बाबूलाल रवि व मेवा लाल रवि पैदल ही गौवंश को लेकर गढ़वा झारखंड बूचड़खाना ले जा रहे थे। इसी दौरान स्थानीय ग्रामीण सहित बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गो तस्करी में शामिल दो सदस्यों को पकड़ा और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से सात मवेशी बरामद किए गए। इस दौरान मरमा के बजरंग दल ने कार्रवाई की मांग की है।

### बोरी में अंग्रेजी शराब व बीयर लेकर जा रहा युवक गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** क्षेत्र में खपाने के लिए बोरी में भरकर अंग्रेजी व बियर लेकर जा रहे युवक को संभागीय आबकारी उड़न दस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व उड़न दस्ता की टीम बलरामपुर जिले के थाना त्रिकुंडा ग्राम चेरा क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान चेरा मेन रोड पर एक बाइक सवार काफी तेज रफ्तार से आ रहा था। जिसे देख उड़नदस्ता की टीम न पीछा कर रोका और पूछताछ की तो युवक ने अपना नाम राज कुमार पटवा और ग्राम सुलसुली निवासी बताया। टीम ने युवक के बाइक में बंधे बोरी की तलाशी ली तो बोरी में अंग्रेजी शराब व बीयर बरामद किया। पूछताछ में युवक ने बताया कि एक पेटी अंग्रेजी शराब उत्तर प्रदेश के परसापाली तथा एक पेटी बियर खरीद कर ला रहा था। संभागीय आबकारी उड़न दस्ता की टीम ने बाइक सहित अंग्रेजी शराब व बीयर को जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया। टीम ने युवक के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) 59 (क) 36 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### गौ तस्करी के मामले में दो गिरफ्तार, सात मवेशी बरामद

**रामानुजगंज।** गौ तस्करी कर रहे दो लोगों को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार जिले के ग्राम बेलसर में शुक्रवार की सुबह बाबूलाल रवि व मेवा लाल रवि पैदल ही गौवंश को लेकर गढ़वा झारखंड बूचड़खाना ले जा रहे थे। इसी दौरान स्थानीय ग्रामीण सहित बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गो तस्करी में शामिल दो सदस्यों को पकड़ा और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से सात मवेशी बरामद किए गए।



### हरिभूमि की रंगोली, मेहंदी व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरित

# हरिभूमि से मिलता है प्रतिभा प्रदर्शन का प्लेटफार्म

गौरव पथ स्थित हरिभूमि कार्यालय में शनिवार को हरिभूमि द्वारा व्यापार व उद्योग मेले में आयोजित रंगोली, मेहंदी एवं विश्व महिला दिवस पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का शहर के विशिष्ट लोगों की उपस्थिति में पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि हरिभूमि के विविध आयोजनों से प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का प्लेटफार्म मिल जाता है।

**बिलासपुर।** कार्यक्रम के आरंभ में हरिभूमि के महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार ने हरिभूमि द्वारा साल भर कराई जाने वाली प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हरिभूमि के किसी भी आयोजन में प्रतिभागियों का दोगुना उत्साह देखने को मिलता है। वे बड़ी शालीनता व अनुशासन में आकर अपना पुरस्कार प्राप्त करते हैं। यह हरिभूमि परिवार के लिए बहुत सुखद क्षण होता है। उन्होंने अपेक्षा जताई कि आगे भी सभी प्रतिभागी इसी तरह हरिभूमि के आयोजनों में भाग लेकर उत्साहवर्धन करते रहेंगे। इस मौके पर सहायक महाप्रबंधक अरूण ज्योतिषि, राजेश सानन, भुवन देवांगन, डेजी नाथ, अंजना शर्मा, रेखा साहू, नाजिया खान, शेख असलम सहित हरिभूमि परिवार के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे ।

### प्रतिभागी अपनी प्रतिभा लाना चाहते हैं सामने



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ लघु उद्योग संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरीश केडिया ने कहा कि हरिभूमि वर्षों से तरह तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। इसमें भाग लेने वाली प्रतिभागी महिलाएं काफी उत्साहित व प्रोत्साहित हो रही हैं। इस बात का अंदाजा हर साल महिलाओं, युवतियों की बढ़ रही संख्या से लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा को सामने लाने का अवसर मिलता है।

### हर आयु वर्ग को मिल रहा भाग लेने का अवसर



विशिष्ट अतिथि बीएनआई ग्रुप के किरण पाल सिंह चावला ने कहा कि हरिभूमि द्वारा आयोजित रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता से हर आयु वर्ग को भाग लेने का अवसर मिल रहा है। अलग-अलग वर्षों में प्रत्येक प्रतिभागी विजेता भी बन रहे हैं। वहीं हरिभूमि के इन आयोजनों से भारतीय संस्कृति जीवंत बन रही है। इसके लिए हरिभूमि परिवार के लोग साधुवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि हरिभूमि के आयोजनों को लेकर शहर के पैरेंट्स भी जागरूक हैं। वे अपने बच्चों को इन स्पर्धाओं में भाग लेने निरंतर प्रोत्साहित कर रहे हैं। पैरेंट्स की इसी जागरूकता का परिणाम है कि प्रतिभागियों की संख्या हर साल बढ़ रही है।

### महिलाएं, बच्चे हो रहे प्रोत्साहित



विशिष्ट अतिथि एरिना मल्टीमीडिया के संचालक संदीप गुप्ता ने कहा कि ऐसे विविध तरह का आयोजन कर हरिभूमि पाठकों को जोड़ने का काम कर रहा है। साल में होने वाली रंगोली, मेहंदी, स्वस्थ शिशु व सामान्य ज्ञान स्पर्धा से महिलाएं, बच्चे प्रोत्साहित हो रहे हैं। इन स्पर्धाओं में भाग लेने वे निरंतर आगे आ रहे हैं। यह हरिभूमि की इन आयोजनों की सफलता को दर्शाता है।



### सोने की अंगूठी पाकर खिला चेहरा

महिला दिवस पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही आसमां सिटी निवासी भारती दुबे का चेहरा सोने की अंगूठी पाकर खिल उठा। उन्होंने कहा कि वे हरिभूमि की नियमित पाठक हैं। उन्हें हरिभूमि लाइव, सहेली पत्रिका पढ़ना पसंद है।

#### नारी शक्ति पर उकेरी रंगोली

रंगोली 26 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम स्थान व मेहंदी में द्वितीय स्थान पर रहीं अज्ञेय नगर निवासी नंदिनी जांगड़े ने नारी शक्ति पर रंगोली एवं ब्राइडल मेहंदी बनाई थी। नंदिनी ने कहा कि उनकी कला को हरिभूमि की ओर से मिल रहे रिस्पांस से उत्साह दोगुना हुआ है।

#### गणपति बप्पा ने बरसाई कृपा

रंगोली 26 से अधिक आयु वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त विजेता जोरा पारा सरकण्डा की ज्योति शर्मा ने रंगोली में गणपति बप्पा की आकृति बनाई। उनका मानना है कि गणपति बप्पा ने ही उन्हें यह पुरस्कार दिलाया है। ज्योति इसके पहले प्रथम पुरस्कार विजेता भी रह चुकी हैं।

#### हरिभूमि का हर आयोजन पसंदीदा

रंगोली 5 से 15 वर्ष में तृतीय स्थान पर रहीं चिंगराज पारा की साक्षी देवांगन का हरिभूमि का हर आयोजन पसंदीदा है। उन्होंने रंगोली में माखन खाते कान्हा का चित्र बनाया था, जिसे काफी पसंद किया गया था।

#### गौ सेवा की थीम पर बनाई मेहंदी

मेहंदी 26 वर्ष आयु वर्ग से अधिक में प्रथम पुरस्कार विजेता चिंहराज पारा की दामिनी कश्यप को हरिभूमि के इन आयोजनों में निरंतर इनाम मिल रहा है। वे विगत तीन साल से पहला इनाम प्राप्त कर रही हैं। इस बार उन्होंने मेहंदी में गौ सेवा की थीम पर द्वारिकाधीश की आकृति बनाई।

#### पहले अवसर में मिला इनाम

मेहंदी में विशेष पुरस्कार विजेता भूमिका यादव तालापारा को पहले अवसर में ही पुरस्कार मिल गया। इससे वह काफी खुश दिखीं। इन्होंने मेहंदी में अरेबिक मेहंदी डिजाइन किया था। वे कहती है कि हरिभूमि के आयोजन से उसे काफी प्रेरणा मिली है।

#### महिलाओं के लिए है उपयोगी

सामान्य ज्ञान स्पर्धा में विशेष पुरस्कार विजेता वर्षा मोहंती हेमूनगर ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता को महिलाओं के लिए उपयोगी बताया और कहा कि हरिभूमि की सहेली पत्रिका उन्हें अच्छी लगती है। इसमें हर पर्व, त्योहार का अलग-अलग जिक्र रहता है।

#### मिल चुके हैं कई इनाम

रंगोली 16 से 25 वर्ष में द्वितीय स्थान प्राप्त ज्योति महिलांगे सालों से हरिभूमि के आयोजनों में भाग ले रही हैं। वे बताती हैं कि हर साल उन्हें कुछ न कुछ पुरस्कार अवश्य मिलता है। इसके पहले उन्हें पहला पुरस्कार भी मिला था। इससे वे स्वयं प्रोत्साहित तो होती ही हैं।

#### मिल रही निपुणता

मेहंदी 16 से 25 वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त विजेता सिरगिट्टी की शिखा यादव बचपन से मेहंदी लगा रही हैं। हरिभूमि के आयोजन में उन्होंने दुल्हन मेहंदी लगाई थी, जिसे निर्णायकों ने पसंद किया और उन्हें स्थान मिल गया। निरंतर भाग लेने से भी कला में निपुणता आती है।

#### दर्शाई देवी के प्रति आस्था

रंगोली में विशेष पुरस्कार विजेता बंधवापारा निवासी कुमुद सोनी ने बताया कि उन्होंने। रंगोली में मां काली का रूप बना कर देवी के प्रति अपनी आस्था को दर्शाया था और आज वे विजेता के रूप में ईनाम ले रही हैं। यह उनके लिए बहुत ही खुशी का पल है।
















**ये रहे विजेता :** हरिभूमि द्वारा महिला दिवस पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार भारती दुबे आसमा सिटी सोने की अंगूठी, द्वितीय गुलापा बाई नेहरूनगर बालको मिक्सर ग्राइंडर, तृतीय आशा दुबे 27 खोली बिलासपुर डिनर सेट, चतुर्थ नीतू रानी डिपूपारा तारबाहर इलेक्ट्रॉनिक आयरन, विशेष पुरस्कार मनोरमा कौशिक यदुनंदन नगर तिफरा, वर्षा मोहंती हेमूनगर, नीतू कुमारी चरचा कालरी कोरिया, योगिता जबड़ापारा, प्रियंका पाण्डेय बंगालीपारा, रंगोली प्रतियोगिता 5 से 15 वर्ष में प्रथम पुरस्कार मीनाक्षी साहू चिंगराजपारा, द्वितीय रीतिका साहू चिंगराजपारा, तृतीय साक्षी देवांगन चिंगराजपारा, विशेष पुरस्कार कुमुद सोनी बंधवापारा, चंचल सोनी अशोक विहार, वैष्णवी गुप्ता बंधवापारा, मंजरी सिंग ठाकुर राजकिशोर नगर, वसुंधरा सिंग अशोक नगर, 16 से 25 वर्ष में प्रथम पुरस्कार लक्षिता यादव कोनी, द्वितीय ज्योति महिलांगे महाराणा प्रताप चौक, तृतीय पुरस्कार विरासिनी ताम्रकार रतनपुर, 26 वर्ष से ऊपर में प्रथम पुरस्कार नंदिनी जांगड़े, द्वितीय ज्योति शर्मा जोरापारा सरकंडा, तृतीय पुरस्कार अल्का देवांगन, मेहंदी प्रतियोगिता 5 से 15 वर्ष में प्रथम पुरस्कार सरगम कश्यप सरकंडा, द्वितीय नुपुर विश्वकर्मा चिंगराजपारा, तृतीय प्रिंसी ठाकुर बहतराई, विशेष पुरस्कार अंजुम प्रवीण मगरपारा, प्रियांशी सोनी अशोकनगर, शारदा परिहार सरकंडा, अनुप्रिया कुमारी मंगला, सौम्या साहू मंगला, सोनम कुशवाहा अमेरी, प्रतिभा साहू चिंगराजपारा, आरूषि गढ़ेवाल राजीव गांधी चौक, 16 से 25 वर्ष में प्रथम पुरस्कार विरासिनी ताम्रकार रतनपुर, द्वितीय ज्योति महिलांगे महाराणा प्रताप चौक, तृतीय शिखा यादव सिरगिट्टी, विशेष पुरस्कार श्रद्धा बिंझवार भरनी, श्रुति चौहान कतियापारा, पूर्णिमा राजपूत उसलापुर, प्रियांशी साहू चिंगराजपारा, प्रियांशी नामदेव लिंगियाडीह, आयुषि देवांगन राजकिशोर नगर, भूमिका यादव तालापारा, 26 वर्ष से ऊपर में प्रथम पुरस्कार दामिनी कश्यप चिंगराजपारा, द्वितीय नंदिनी जांगड़े अज्ञेयनगर, तृतीय पुरस्कार ज्योति यादव तालापारा को प्राप्त हुआ।

















## खबर संक्षेप



### सांसद पहुंचीं स्व डॉ तरुनेश को श्रद्धांजलि देने उनके निवास

**कोरबा।** स्व तरुनेश राज डिप्टी डायरेक्टर आयुश मेडिकल हेल्थ मुख्यालय रायपुर का अकास्मिक निधन हो गया था। मेडिकल कालेज से संबंधित सभी कार्य को सुचारू रूप से करते थे। खासकर कोरबा मेडिकल कॉलेज को काफी प्राथमिकता के साथ कार्य करते थे। वे जिले में ही पले बढ़े और पढाई किए थे। वे टीआर राज सेवानिवृत्त डिवीजनल इंजीनियर बीएसएनएल के पुत्र एवं मंत्री राम विचार के भतीजे दामाद थे। क्षेत्रीय सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने उनके डिंगापुर निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की पूरे परिवार को ढांढस बंधाया। इस मौके पर ग्रामीण जिलाध्यक्ष कांग्रेस मनोज चौहान, सांसद प्रतिनिधि द्वय पोषक महंत किरण चौरसिया, निर्मल सिंह राज व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लायंस क्लब ऑफ कोरबा ने मनाया 48वां संबद्धता दिवस समारोह



**कोरबा।** लायंस क्लब ऑफ कोरबा द्वारा चार्टर नाईट, 48वॉं सम्बंद्धता दिवस समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि पीएमजेएफ लायन विजय अग्रवाल डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, विशिष्ट अतिथि के रुप में पीएमजेएफ लायन जयप्रकाश अग्रवाल पीएमसीसी, एमजेएफ लायन एमडी माखीजा पूर्व प्रांतपाल, एमजेएफ लायन एसके अग्रवाल रीजन चेयरमेन रीजन 2 एवं अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लायन रोहित राजवाड़े की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर लायन मेल्विन जोन्स की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात चार्टर सदस्य लायन आनंद प्रसाद जायसवाल, लायन पद्मसिंह चंदेल, लायन सत्येन्द्र वासन, लायन श्रीकांत बुधिया सहित अन्य उपस्थित थे।

## निधन

### मंजूषा पाण्डेय



**कोरबा।** हरदीबाजार पुलिस थाना की प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पांडेय की धर्मपत्नी और 2008 बैच की पुलिस निरीक्षक श्रीमती मंजूषा पांडेय का रायपुर में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। मंजूषा पांडेय लंबे समय से कैंसर रोग से जूझ रही थीं। उनके निधन की खबर से पुलिस महकमा सहित उनके सहकर्मियों और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। मंजूषा पांडेय ने जिले के विभिन्न थानों में अपनी सेवाएं दी थीं।

## सामाजिक संस्थाओं सहित शिक्षण संस्थाओं में हुए आयोजन

# शिक्षक दिवस पर गुरुजन का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



कार्यक्रम में सम्मानित शिक्षक एवं क्लब के सदस्य।

लायन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला छुरी में नगर के वरिष्ठ शिक्षकों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया।

इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि स्कूल के प्राचार्य विजय बाजपेयी शामिल हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के द्वारा किया सर्वप्रथम सभी अतिथियों के द्वारा सरस्वती माता व डॉ सर्वपल्लीराधाकृष्णन के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षा का कोई दूसरा विकल्प नहीं हो सकता शिक्षकों के द्वारा छात्रों को दी गई बेहतर शिक्षा मंजिल तक पहुंचाने में कारगर होती है। सर्वपल्लीराधाकृष्णन ने शिक्षा से ही अपनी जीवन प्रारम्भ किया था साथ ही बताया कि आज के समय में शिक्षकों का सम्मान करना कोई भी उचित नहीं समझता है। मगर लायन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा आज सभी शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि क्लब के द्वारा शुरू से ही हर क्षेत्र में सेवा के कार्य किये गए चाहे सामाजिक हो या फिर प्रशासनिक या फिर स्वास्थ्य सभी दिशाओं पर कार्य किये गए हैं उन्होंने कहा कि क्लब के द्वारा आज नगर के सभी गुरुजनों का सम्मान किया जा रहा है गुरुजनों के द्वारा भी बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान की जाती है। इस अवसर पर विजय बाजपेयी प्राचार्य, शिक्षिका श्रीमती मधु बाजपेयी, शिक्षक जयपाल सिंह, गणेश प्रजापति, डीके साहू सेवानिवृत सभी शिक्षकों को शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट पीआरओ व क्लब संरक्षक अजय धनोंदिया, क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल, विजय बाजपेयी, राकेश शर्मा व शाला के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्राथमिक शाला बासीन में शिक्षकों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वनांचल स्थित शासकीय प्राथमिक शाला बासीन में शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर शिक्षक दिवस प्राथमिक शाला बासीन और शाला प्रबंध समिति बासीन के संयुक्त तत्वाधान में मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने इस पावन अवसर पर शाला परिसर को रंगोली एवं गुब्बारा से सजाने के साथ-साथ शिक्षकों के शाला में प्रवेश करते ही बड़े ही उत्साह के साथ छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों पर पुष्प वर्षा करके उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अजीज मोहम्मद सांसद प्रतिनिधि रहे। कक्षा पांचवी की छात्रा आरजू द्वारा हैप्पी टीचर्स डे लिखा हुआ आकर्षक एवं सुंदर केक बनाकर लाया गया था। जिसे बच्चों द्वारा शिक्षकों से कटवाया गया। इस दौरान ग्रामीण शिक्षक मित्र रंजीत राठिया द्वारा शिक्षकों को श्रीरामचरितमानस भेंट की गई। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

### चंद्रोदयन विद्यालय में मना शिक्षक दिवस



चंद्रोदय ज्ञान मंदिर विद्यालय परसाभांठा बालको में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष अनिरुद्ध चन्द्रा, उपाध्यक्ष डीके वर्मा, सचिव राकेश कुमार चन्द्रा, कोषाध्यक्ष अशोक चन्द्रा कार्यकारिणी सदस्य टुवेल चन्द्रा एवं गुरुमुख राय चन्द्रा ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्ण जी की जीवनी, शिक्षक दिवस और शिक्षकों के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार पांडेय ने भी अपने विचार रखे और शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### शिक्षकों का हुआ सम्मान

टाउनशिप उच्च० माध्यमिक विद्यालय बालको में शिक्षक दिवस मनाया गया। जिसमें शाला विकास समिति के चन्द्रमणि यादव, राजकुमार यादव, रविन्द्र यादव, मुनेश्वर पेगू, महेंद्र चन्द्रा, रामगोविन्द बरेठ, मनेन्द्र कुर्रे, विमला मार्को, सीमा डहरिया प्राचार्या नीलम सिंह ने श्री डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद किये। अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि बच्चों की प्रथम गुरु मां होती है, फिर दूसरा गुरु शिक्षक होता जो बच्चों को वैज्ञानिक, डॉक्टर, इंजिनियर और महान व्यक्ति बनाता है। शाला विकास समिति के सदस्यों के द्वारा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को भेंट स्वरूप उपहार देकर सम्मानित किया।

### अम्बेडकर मेमोरियल हाई स्कूल मनाया गया शिक्षक दिवस



डॉ अम्बेडकर मेमोरियल हाई स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया। जिसमें कक्षा के जी वन से 10 वीं तक के बच्चों ने शिक्षक के रोल अदा कर नाटक गीत संगीत एवं नित्य के माध्यम से शिक्षकों का सम्मान किया। विद्यालय के अध्यक्ष ए विश्वास वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती रंजीता महंत एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएं की उपस्थिति में शिक्षक दिवस मनाया गया। समिति के अध्यक्ष के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को पुरुष्कार प्रदान किया गया जिसके लिऐ अध्यक्ष के प्रति सभी टीचर्स ने अभार जताया कार्यक्रम उपरांत में सभी बच्चों के साथ बैठकर टीचर्स स्टॉफ ने स्वल्पाहार ग्रहण किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ शिक्षका श्रीमती रंजीता महंत, सीता महंत, तुलसी साहू, भगवती साहू, सहायक शिक्षिका श्रीमती सोनिया टोप्पो, श्रीमती नैनी महंत, कुमारी माधुरी पटेल, श्रीमती राजकुमारी महंत उपस्थित थे।

# कटघोरा के राजा का आशीर्वाद लेने पहुंची सांसद, समिति को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



पंडाल में उपस्थित सांसद एवं समिति के सदस्य।

सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत कटघोरा स्थित जयदेवा गणेशोत्सव समिति के पंडाल में पहुंची जहां समिति के सभी सदस्यों ने सांसद का स्वागत किया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरीश परसाई उपस्थित रहे। इस दौरान सांसद श्रीमती महंत ने बताया कि कटघोरा से उनका पुराना नाता है कटघोरा की जनता ने मुझे हमेशा प्यार दिया है। आज कटघोरा नगर में बने पदनाभस्वामी मंदिर की हु ब हु इतना भव्य व विशाल पंडाल के सांथ अंदर में विराजमान 21 फुट ऊंचा गणपति बप्पा का विशाल मूर्ति जो कि मानो ऐसा प्रतीत होता हैं कि बस देखते ही रहे युवा वर्ग के लोगों की मेहनत ही है जो उनके द्वारा किया गया। इतना सुंदर कार्य निश्चित ही सराहनीय है आज जयदेवा गणेशोत्सव समिति ने कटघोरा के नाम को निश्चित ही छत्तीसगढ़ ही नही अपितु अनेक राज्यों में रौशन किया है। समिति के सदस्यों ने सांसद को बताया कि समिति के द्वारा सत्र 2023 में अयोध्या में निर्मित रामलला का विशाल मंदिर के तर्ज पर भव्य पंडाल का निर्माण करवाया गया गया था व सत्र 2024 में वृंदावन में निर्मित प्रेम मंदिर के तर्ज पर हुबहु प्रेम मंदिर का भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है व इस वर्ष पदनाभस्वामी मन्दिर का 121 फिट ऊंचा भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया पंडाल के अंदर धनोद दुर्ग से लाया गया 21 फिट ऊंचा गणपति बप्पा की मूर्ति को स्थापित किया जाता है जो कि पंडाल की शान होती है। इस सुंदर आयोजन के लिए सांसद ने समिति के सभी सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर समिति के सदस्य व पार्षद संजय अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, विधायक मोहितराम केरकेट्टा, शहर अध्यक्ष राजीव लखनपाल, पार्षद हरीश यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### गणपतिजी अपने धाम चले



बीते 10 दिन से चल रहा गणेश उत्सव का पर्व शनिवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ समाप्त हो गया। गाजे बाजे और डीजे के धुन में नाचते गाते गणेश प्रतिमाओं की विजर्सन की झांकियां निकल रही थी। शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान आम नगरवासी भी विजर्सन यात्रा देखने खड़े हुए थे। नदियों और तालाबों में प्रतिमाओं का विधि विधान से पूजा अर्चना कर विसर्जन किया गया। गणेश विजर्सन का दौर प्रतिमा स्थापना के एक सप्ताह बाद शुरु हो गया था। इक्का दुक्का प्रतिमाओं का विसर्जन कई स्थानों में किए गए थे किंतु शुभ मुहूर्त और विजर्सन का दिन अनंत चतुर्दशी का रहता है। शहर के मुख्यमार्गों में गणपति जी अपने धाम चले रस्ते में हैं दर्शन को लोग खड़े के गीत भी गूंज रहे थे।

### गणपति बप्पा को दी गई विदाई



गणेश उत्सव समिति इंडस्ट्रियल एरिया में विराजित विघ्नहर्ता गणेश भगवान वैदिक विधिविधान के साथ पूजन अर्चना सहित हवन इत्यादि प्रसाद वितरण करते हुए डीजे के धुन में गणेश भगवान की विदाई की गई। मोहल्ले वासियों के द्वारा भक्तिमय माहौल के बीच गणेश जी की पूजन अर्चना कर विदाई दी गई। की गई जिसमें मोहल्ले वासियों सहित बड़े बूढ़े बच्चों सहित सभी में एक अलग सा उत्साह दिखा। इस दौरान रौनक, सत्या, सनी शर्मा, ओम सोनी, जीवन चौहान, शानू, संध्या, दिवा चौहान, कान्हा, अमित सिन्हा, छवि चौहान, गीता सोनी, सूरज महंत, सुभाष सोनी, अखिलेश दुबे, सूरज यादव, पंकज महंत उपस्थित रहे।

## ईद-ए-मिलादुन्नबी पर निकला जुलूस मांगी गई अमन चैन की दुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

मुस्लिम समाज का पवित्र पर्व ईद-ए-मिलादुन्नबी हर्षोल्लास और आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले के कटघोरा नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में मुस्लिम समुदाय के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। जुलूस निकालकर नबी-ए-पाक हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश पर विशेष आयोजन किए गए। इस्लाम धर्म के संस्थापक और मानवता का संदेश देने वाले पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिवस मुस्लिम समाज के लिए अत्यंत पावन अवसर माना जाता है। यही वजह रही कि पूरे नगर में जुलूस के दौरान उल्लास और भाईचारे का नजारा देखने को मिला। जुलूस कटघोरा तहसील भाटा से शुरू होकर बस स्टैंड व कटघोरा ने का भ्रमण करते हुए पुरानी बस्ती की जामा मस्जिद में जाकर समाप्त हुई। जुलूस के साथ-साथ मस्जिदों में नमाज अदा की गई और लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर पर्व की मुबारकबाद दी। जगह-जगह समाज के लोगों ने लंगर और शरबत की व्यवस्था कर आने-जाने वालों की सेवा की। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन ने भी पुख्ता इंतजाम किए। कटघोरा पुलिस ने नगर में चप्पे-चप्पे पर जवान तैनात कर शांति और सौहार्द बनाए रखा। इस मौके पर मुस्लिम समाज ने सर्वहारा वर्ग की सोच के साथ काम करने का संकल्प लिया और समाज में शांति, एकता और भाईचारे का संदेश दिया। पूरा नगर उत्साह और इबादत के रंग में डूबा रहा।

### साहू समाज की महिलाओं ने मनाया तीज मिलन

**बांकीमोंगरा।** शांतिनगर बांकीमोंगरा इकाई के साहू समाज के महिलाओं के द्वारा तीज मिलन उत्सव मनाया गया। मंच संचालन सुश्री उर्वशी साहू के द्वारा किया गया। साहू समाज के महिलाओं के द्वारा एकल और सामूहिक नृत्य और गीत प्रस्तुत किया गया, हंसी मजाक वाले गेम्स का आयोजन भी किया गया, सभी ने अलग अलग प्रकार के पकवान अपने अपने घर से बना के लाए, सब साथ बैठकर स्वादिष्ट व्यंजन खाने का आनंद लिए।,कार्यक्रम में सुश्री उर्वशी साहू, उर्मिला, सावित्री, सुशीला, प्रतिमा, जानकी, सावित्री, राधा, प्रतिभा, उषा, लता, संगीता, कल्याणी, राधिका, रेणुका, कीर्तन, रजनी, संगीता, तालिका, शुभांगी, भगवती साहू और अन्य महिलाएं शामिल रहीं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जंगली जानवरों का...

कुमार, निवासी मुकुंदपुर बताया गया है, जबकि दूसरा आरोपी नंमु सिंह सारथी, निवासी पहाड़गांव है। ग्रामीणों ने कहा कि यह गिरोह लंबे समय से करंट बिछाकर शिकार कर रहा है। इसकी वजह से जानवरों और इंसानों दोनों की जान पर खतरा मंडराता रहता है। हाल ही में करंट की चपेट में आने से आधा दर्जन से ज्यादा मवेशियों की मौत भी हो चुकी है। बावजूद इसके वितरण विभागीय अधिकारी गंभीर अपराध को हल्के में लेकर आरोपियों को पुलिस के हवाले करने के बजाय छोड़कर चले गए। ग्रामीणों ने साफ कहा कि उन्होंने बार-बार मांग की कि आरोपियों को पुलिस के हवाले किया जाए ताकि उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही हो सके, लेकिन जेई निशा कंवर और उनकी टीम ने किसी की एक न सुनी।

### छात्रावास संचालन...

दराज क्षेत्रों से छात्राएं अध्ययन के लिए आते है, छात्रावास के संचालन से निश्चित ही उन्हें लाभ मिलेगा। इससे छात्राओं की समय और धन की बचत होगी, जिससे उनका पढ़ाई और रुचिकर होगी। उन्होंने कहा कि इस छात्रावास का संचालन रियायती दरों पर किया जा रहा है, जिससे छात्राएं इसका लाभ उठा सकें साथ ही अति पिछड़ी वर्ग से सम्बंधित छात्राएं जो छात्रावास की राशि जमा करने में असक्षम हो ऐसे योग्य छात्राओं के छात्रावास का खर्च जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ से उठाया जाएगा। उन्होंने हॉस्टल का संचालन बेहतर ढंग से करने के निर्देश कॉलेज प्रशासन को दिए एवं हॉस्टल की व्यवस्था को और अधिक मजबूती प्रदान करने हेतु मिल जुलकर प्रयास करने की बात कही। कार्यक्रम को विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल एवं महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, कलेक्टर अजीत वसंत ने संबोधित किया।

### गणेश दर्शन...

अग्रवाल की दुकान मुख्य सड़क पर है। उनका कहना है कि आरोपियों ने पहले से उनकी गतिविधियों पर नजर रखी थी। पुलिस को आशंका है कि यह किसी बाहरी गिरोह की करतूत हो सकती है। कोरबा से लगे सक्ती जिले में भी कुछ दिन पहले ऐसी ही घटना हुई थी। पुलिस उसी गिरोह के शामिल होने की आशंका जता रही है।

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ईश्वरी बाई पिता हरिशचन्द्र सिंह पति मैनेजर सिंह निवासी कुमगरी तहसील दर्री जिला कोरबा के द्वारा ग्राम भैसमाखार (गेवरा) में आवेदिका ईश्वरी बाई पिता हरिश चन्द्र के नाम पर दर्ज एस.ई.सी.एल कुसमुण्डा क्षेत्र में अधिग्रहित भूमि ख.न. 195/3 रकबा 0.34 ए. भूमि के अलावा अन्य भूमि नहीं होने के संबंध में प्रमाण पत्र दिलाने बाबत् अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के समक्ष प्रस्तुत आवेदन पत्र जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 17/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतः आज दिनांक 01/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**दीपका**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**






## खबर संक्षेप



### ड्रेगन मार्शल आर्ट के बॉक्सर्स ने जीता 7 स्वर्ण, 4 रजत एवं 5 कांस्य पदक

**बालको।** थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित नेशनल थाई बॉक्सिंग कैडेट, सब जूनियर, जूनियर और सीनियर प्रतियोगिता बनारस जो कि 29 से 31 अगस्त तक सनबीम स्कूल वाराणसी में आयोजित थी। जिले के ड्रैगन मार्शल आर्ट एकेडमी से कुल 12 बॉक्सर्स 4 ऑफिसियल की टीम ने इसमें भाग लिया। जिसमें रजल चक्रवती थाई लाइट 28 किलो कांस्य पदक, आयुष उरांव थाई लाइट 32 किलो स्वर्ण पदक,अथर्व शर्मा थाई लाइट 48 किलो कांस्य पदक, हर्ष यादव थाई लाइट/लो थाई 50 किलो स्वर्ण पदक, शेन एलेक्स थाई लाइट 55 किलो रजत पदक, आराध्या श्रीवास थाई लाइट 63 किलो स्वर्ण पदक हर्षिता केवट थाई लाइट 30 किलो स्वर्ण पदक, सामद्रिता चक्रवर्ती थाई लाइट 55 किलो रजत पदक, दीपक रोहिदास लो थाई 52 किलो स्वर्ण/ कांस्य पदक अनुज अग्रवाल लो थाई 58 किलो रजत पदक,अभय यशवर्धन थाई लाइट 55kg कांस्य पदक निखिल थाई लाइट 72 किलो रजत पदक अभिषेक तिवारी लो थाई 85 किलो स्वर्ण पदक प्राप्त किया एवं ऑफिसियल में नेशनल रेफरी का डिप्लोमा एवं डिग्री हार्दिक दुरेजा, एमडी आरिफ, अनुज अग्रवाल,मुस्कान जायसवाल को मिला और साथ ही मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सभी नेशनल रेफरी को सम्मानित किया। जिसमें प्रदेश को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक प्रसाद, सचिव राजेश कुमार, टीम कोच महेश देवांगन, टीम मैनेजर रविंद्र साहू, संदीप शाह उपस्थित रहे।

### आरटीओ चालान भुगतान के लिए वेबसाइट का करें उपयोग



**कोरबा।** राज्य में आरटीओ ई चालान से संबंधित स्कैम सामने आ रहे है। जिसमें नकली ई चालान के माध्यम से लोगों को ट्रैफिक नियम तोड़ने के बारे में, डराने वाले मैसेज के माध्यम से लिंक भेजकर आम लोगों की व्यक्तिगत जानकारी और जमा खाते से पैसे चुरा लेते है। परिवहन विभाग द्वारा आम लोगों से यह अपील है कि ऐसी धोखाधड़ी से बचने के लिए मैसेज लिंक और ऐप पर क्लिक न करें। अपने वास्तविक चालान की जांच करने के लिए अधिकारिक विभागीय वेबसाईट पर जाकर ई-चालान के पेज पर पे ऑनलाईन पर क्लिक कर चालान नंबर एवं कैप्या कोड डालकर गेट डिटेल पर क्लिक कर मोबाईल ओटीपी डालकर चालान विवरण संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। पुलिस एवं परिवहन के प्रवर्तन अमले द्वारा जब भी ई चालान किया जाता है। पंजीकृत मोबाईल में संबंधित को टेक्स्ट मैसेज अधिकारिक वेबसाईट के माध्यम से ही भेजे जाते है। जिला परिवहन अधिकारी विवेक सिन्हा ने कहा कि कभी भी किसी अजनबी को ऑनलाईन पैसे का भुगतान न करें और अपने खाते से किसी भी लेने देन से सावधान रहें।

### निषाद-केवट समाज ने मनाया शिक्षक सम्मान समारोह

**कोरबा।** छग निषाद-केवट समाज, जिला कोरबा की ओर से शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदीप विनायक रहे, जबकि अध्यक्षता रजनीश निषाद ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्तिक राम कैवर्त, कमल कैवर्त, अजित कैवर्त, जिला उपाध्यक्ष डोरेलाल कैवर्त, दिनेश कैवर्त, महासचिव किशन कैवर्त, युवा अध्यक्ष जितेंद्र कैवर्त, संगठन सचिव बिहारी लाल, देवनाथ, कार्यालय सचिव राकेश कैवर्त, प्रचार सचिव रामभरोस कैवर्त, महिला उपाध्यक्ष लता कैवर्त एवं रेणु कैवर्त सहित वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता भुवनलाल कैवर्त, खीक राम उपस्थित रहे।

## 2 मेगावॉट का लगेगा सोलर प्लांट, निगम बना रहा डीपीआर

# अब सौर ऊर्जा से संचालित होगा कोहड़िया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

अब नगर निगम के कोहड़िया स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को सौर ऊर्जा से संचालित करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके लिए ट्रीटमेंट प्लांट के समीप 2 मेगावॉट का सोलर प्लांट स्थापित किया जाएगा। सोलर प्लांट के लगने से बिजली की वजह से शहर में पानी की आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी। अभी निगम को हर साल लगभग 9 करोड़ रुपए तक बिजली बिल देना पड़ रहा है, सोलर प्लांट ग्रिड से जुड़ा होगा। अतिरिक्त बिजली से निगम को आय भी प्राप्त होगी।

**खास बात**

- ट्रीटमेंट प्लांट को चलाने हर साल लगभग 9 करोड़ देना पड़ रहा बिजली बिल

जल आवर्धन योजना फेस 1 व 2 से निगम के 67 वार्डों में पानी की आपूर्ति की जाती है। इसके लिए कोहड़िया में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट बना हुआ है। यहां से बांकीमोंगरा नगर पालिका के 30 वार्डों में भी पानी की आपूर्ति की जा रही है। ट्रीटमेंट प्लांट को चलाने के लिए बिजली की खपत अधिक होती है। यहां किनारे में ही सब स्टेशन बना हुआ है। इसके बाद भी आए दिन बिजली बंद होने के कारण प्लांट नहीं चल पाता। इससे गर्मी ही नहीं बाकी समय भी पानी की आपूर्ति प्रभावित होती है। उसकी वजह से ही सौर ऊर्जा प्लांट लगाने की योजना बनाई जा रही है। इसकी लागत 12 करोड रुपए तक आ सक्ती है। आने वाले दिनों में पानी की मांग और बढ़ेगी। निगम के 67 वार्डों के 52 हजार घरों में पानी की आपूर्ति कर रहा है। नल कनेक्शन का विस्तार भी चल रहा है। पानी टंकियों को कोहड़िया वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से ही भरा जाता है। इसके बाद ही पानी की आपूर्ति की जाती है। दोनों योजनाओं से पूरे क्षेत्र को कवर किया गया है। वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) की क्षमता अभी 79.81 एमएलडी है। 6 एमएलडी के पुराने प्लांट को तोड़कर 20 एमएलडी क्षमता का नया प्लांट बनाया जाना है। इसके बाद क्षमता बढ़कर 94 एमएलडी हो जाएगी। इसकी वजह से प्लांट को चलाने के लिए बिजली की खपत भी बढ़ेगी। लेकिन सौर ऊर्जा प्लांट लगने से किसी तरह का बिल जमा करना नहीं पड़ेगा।

### लागत वसूलने के बाद होगा फायदा

2 मेगावॉट सोलर प्लांट की लागत 12 करोड रुपए तक आती है। 10 साल में इसकी लागत भी वसूल हो जाएगी। बिजली की खपत आगे और बढ़ेगी। ट्रीटमेंट प्लांट को चलाने के लिए सुबह और शाम बिजली की अधिक जरूरत पड़ती है। इसके बाद प्लांट को बंद रखा जाता है। अधिकारियों का कहना है कि लागत वसूलने के बाद फायदा भी होगा।

### इंटेकवेल व पंप के माध्यम से प्लांट के लिए लेते हैं पानी

शहर के 42 वाडों के लिए दर्री बराज के नहर में पंप लगाकर पानी लेते हैं। पश्चिम क्षेत्र के 25 वार्डों के लिए हसदेव नदी के किनारे बने इंटेकवेल के माध्यम से पानी ले रहे हैं। इससे भी बिजली की खपत बढ़ रही है। बिजली की समस्या होने पर इंटेकवेल भी नहीं चल पाता है। बारिश के समय पानी को साफ करने के लिए अधिक समय तक प्लांट को चलाना पड़ता है।

### शहर के 10 वार्ड के छूटे हुए मोहल्लों में पहुंचेगा पानी

निगम ने शहर के 10 वार्डों के छूटे हुए बस्ती और मोहल्ले को पानी देने के लिए योजना बनाई है। इसके तहत तीन स्थानों पर पानी टंकी का निर्माण भी कराया जाना है। ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता भी बढ़ने वाली है। इसके बाद बिजली की खपत और बढ़ जाएगी। पहले बिजली बिल हर महीने 65 लाख तक आता था। यह बढ़कर 70 से 80 लाख तक पहुंच गया है। सोलर प्लांट लगने से बिजली बिल की राशि की बचत होगी।

### तैयार किया जा रहा डीपीआर

नगर निगम के वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए सोलर प्लांट लगाने डीपीआर तैयार किया जा रहा है। इसके बाद जिला प्रशासन को भेजेंगे। डीएमएफ से इसकी मंजूरी मिल गयी है।

**-राकेश मसीह,** प्रभारी, जलप्रदाय

# निगरानी के लिए लगाए गए बेरियर की खरोंच बनी मोटी कमाई का जरिया



निगरानी के लिए बनाए गए बेरियर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की मेगा प्रोजेक्ट गेवरा-दीपका में निगरानी के लिए लगाए गए बेरियर में किसी वजह से आने वाली खरोंच कुछ अधिकारियों और कर्मियों के लिए एकतरफा मोटी कमाई का जरिया बन गई है। ऐसे हर मामले में 20 हजार रुपए वाहन चालकों अथवा मालिकों से लिए जा रहे हैं। यह बात एसईसीएल के सीएमडी तक पहुंच गई है।

ट्रांसपोर्ट ट्रक एंड ट्रेलर मालिक संघ ने गेवरा-दीपका क्षेत्र में चल रहे इस मनमाने और अवैध कारनामे पर आपत्ति दर्ज कराई। सीएमडी को भेजे गए पत्र में अध्यक्ष संजीव सिंह ठाकुर ने कहा है कि एसईसीएल गेवरा-दीपका क्षेत्र में बूम बेरियर डेमेज होने पर प्रत्येक मामले में 20 हजार रुपए का डेमेज चार्ज लिया जा रहा है या इसकी वसूली की जा रही है। सीएमडी की जानकारी में इस बात को लाया गया है कि खदान क्षेत्र में आने-जाने के दौरान किसी वजह से अगर बेरियर को आंशिक खरोंच आती है या नुकसान होता है, तो इसे बनाने में अधिकतम 5 से 8 हजार का खर्च संभावित है। इस मामले में बेरियर पर मौजूद कर्मी किसी की बात नहीं सुनते। मौके पर लगाए गए स्कैनर के जरिए संबंधित गाड़ी चालक या उसके मालिक से सीधे 20 हजार रुपए लिए जा रहे हैं। संबंधित रकम एसईसीएल गेवरा के खाते में जाने का पता चल रहा है। महंगाई के दौर में इस तरह की मनमानी हरकतें संगठन के साथ-साथ उसके सदस्यों के लिए बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। संगठन ने सीएमडी से मांग की है कि बूम बेरियर डेमेज चार्ज को कम करने के साथ वास्तविक मरम्मत खर्च का आंकलन करते हुए न्यूनतम राशि तय की जाए। ट्रक मालिकों को अनावश्यक आर्थिक नुकसान से बचाने का विचार भी हो। अगर इस विषय पर गंभीरतापूर्वक निर्णय नहीं होता है तो आंदोलन किया जाएगा।

**खास बात**

- ट्रांसपोर्ट व ट्रक एंड ट्रेलर मालिक संघ ने सीएमडी को लिखा पत्र

# दो सालों से दो दर्जन से अधिक गांवों में छाया अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहरपुर





गांव में स्थापित सोलर सिस्टम एवं खराब बैटरी।

आज जब विद्युत एवं इंटरनेट के माध्यम से विवि उपकरणों का उपयोग कर लोग न केवल अपनी जिंदगी को आसान बना रहे हैं बल्कि रोजगार एवं समृद्धि के नए-नए रास्ते विकसित कर रहे हैं वहीं सूरजपुर जिलान्तर्गत दूरस्थ चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के दर्जनों गांवों की जिंदगी ढिबरी के भरोसे रेंग रही है। क्षेत्रवासियों के लगातार संघर्ष के बावजूद अभी क्षेत्र में विद्युत विस्तार नहीं हो सका है। ग्रामीणों की सुविधा के लिए क्रेडा द्वारा स्थापित 80 फीसदी सोलर पावर प्लांट वर्षों से बंद पड़े हैं।

बीहड़ों के बीच बसे चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र की हरियाली अब विकास में बाधा बन गई है। सरहद पर गुरूघासी दास टाइगर रिजर्व का घना संरक्षित जंगल है। टाइगर रिजर्व में बसे गांवों के लिए बिजली सपने जैसा है लेकिन आसपास के गांवों में अभी विद्युत विस्तार नहीं हो सका है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी इसके लिए वन विभाग की अनापत्ति को आवश्यक बताते हैं इसलिए इस दिशा में कोई खास पहल नहीं हो सकी है। क्रेडा द्वारा 10 वर्ष पूर्व विद्युत विहीन गांवों में सोलर पॉवर प्लांट एवं ग्रामीणों के घरों में होम लाइट लगाए गए थे। रख रखाव के अभाव में 80 फीसदी पॉवर प्लांट वर्षों से ठप पड़े हैं। बंद पड़े प्लांट को चालू करने ग्रामीण ग्रामीण लम्बे समय से गुहार लगा रहे हैं लेकिन अधिकारी कभी बजट उपलब्ध नहीं होने तो कभी स्थिति से शासन को अवगत कराने तो कभी आवश्यक उपकरणों का खरीदी आदेश जारी करने का हवाला देकर टालमटोल करते रहे हैं। हालत यह है कि कहीं का प्लांट दो सालों से तो कही एक साल से बंद पड़ा है। ग्रामीणों की समस्या देख क्षेत्र के सरपंचों ने भी जनप्रतिनिधियों एवं क्रेटा के अधिकारियों से मिलकर सोलर इकाइयों को चालू कराने की पहल की लेकिन हालत नहीं बदली। सोलर इकाइयों के बंद होने से सबसे अधिक प्रभाव बच्चों की पढ़ाई पर रहा है। ढिबरी की रोशनी में रोशनी की अन्य जरूरतें तो जैसे-तैसे पूरी हो जा रही हैं लेकिन बच्चों की पढ़ाई पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

### नहीं है सिंचाई सुविधा

चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में जीवन यापन का एकमात्र सहारा कृषि एवं मजदूरी है। क्षेत्र की भूमि तो उर्वरा है लेकिन सिंचाई सुविधा के अभाव में क्षेत्रवासी सिर्फ वर्षा आधारित धान की खेती करते हैं। जिन क्षेत्रों में सिंचाई के प्राकृतिक स्त्रोत उपलब्ध हैं वहां रबी फसलों की भी खेती होती है लेकिन क्षेत्र की बड़ी आबादी एकमात्र धान की फसल पर निर्भर है। क्षेत्र में अभी तक बिजली विस्तार नहीं होने के कारण सिंचाई पंप लगाना संभव नहीं है इसलिए क्षेत्रवासी लंबे समय से विद्युत विस्तार की मांग कर रहे हैं।

### धूल फांक रही सर्वे रिपोर्ट

क्षेत्रवासियों की मांग पर वर्षों पूर्व प्रशासन ने विद्युत विस्तार की संभावनाओं को तलाशने के लिए क्षेत्र के गांवों का सर्वे कराया था। सर्वे करने वाले अधिकारी टाइगर रिजर्व के बाहरी क्षेत्र के गांवों में विद्युत विस्तार में कोई खास समस्या नहीं होने की बात कह रहे थे लेकिन लम्बा समय गुजरने के बावजूद इस दिशा में कोई कारगर पहल नहीं हो सकी है। पहले विद्युत अधिकारी गुरूघासी दास नेशनल पार्क का हवाला देकर विद्युत विस्तार के लिए मना कर रहे थे लेकिन अब अधिकार वन विभाग की आपत्ति मिलने के बाद क्षेत्र में विद्युत विस्तार का प्रस्ताव शासन को भेजने की बात कह रहे हैं। ग्राम पंचायत अवंतिकापुर के पठारीपारा तक विद्युत विस्तार का कार्य पूरा हो गया है लेकिन 700 मीटर दूर ग्राम कोल्हुआ में बिजली नहीं पहुंच पाई है। इस संबंध में कार्यपालन अभियंता बसंत खेस ने बताया कि विद्युत विस्तार के लिए डीएफओ से वन विभाग की अनापत्ति का प्रस्ताव भेजा गया है। अनापत्ति मिलने के उपरांत प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।

# दीपका खदान क्षेत्र में ब्लास्टिंग को लेकर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एसईसीएल दीपका क्षेत्र में प्रतिदिन की जाने वाली ब्लास्टिंग को लेकर स्थानीय स्तर पर कई तरह की चर्चाएँ तेज हो गई हैं। प्रबंधन द्वारा प्रतिदिन ब्लास्टिंग के लिए लगभग छह एजेंसियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिनके माध्यम से करीब 2 हजार टन बारूद की आपूर्ति खदान क्षेत्र में की जाती है।

इस पूरी प्रक्रिया की देखरेख संबंधित विभाग के दिशा-निर्देश में की जाती है, लेकिन स्थानीय निवासियों का कहना है कि ब्लास्टिंग मानकता के अनुरूप नहीं हो रही है। इसका असर हरदीबाजार क्षेत्र के आसपास बसे घरों और ढांचों पर पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार हो रही कंपन और झटकों से दीवारों में दरारें पड़ रही हैं और लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। सूत्रों की मानें तो बारूद आपूर्ति और खपत को लेकर कई तरह की अनियमितताओं की चर्चा है। कहा जा रहा है कि प्रति टन करीब 145 रुपए का अंतर इस पूरे सिस्टम में बनाया जाता है, जिससे वास्तविक खपत और कागजों में दर्ज आंकड़ों में भिन्नता का संदेह पैदा होता है। इसी कड़ी में, बारूद ले जाने वाले भारी वाहनों की प्रक्रिया को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। सूत्रों का दावा है कि जब वाहन खदान क्षेत्र में प्रवेश करते हैं तो उस समय उनमें लगी पानी की टंकियां (लगभग 800 से 1000 लीटर क्षमता वाली) पूरी तरह भरी होती हैं। लेकिन बारूद खाली करने के बाद जब वही वाहन वापस लौटते हैं और पुनः वजन किया जाता है तो टंकी खाली होने से वजन में अंतर आ जाता है। इस तरह से संदेह है कि इस पूरी प्रक्रिया में एक बड़ा खेल चल रहा है।

### हैवी ब्लास्टिंग के कंपन से टायलेट धंसा



**हरदीबाजार।** एसईसीएल की दीपका कोयला खदान क्षेत्र के हरदीबाजार के नजदीक पहुंच गया है। उसके बाद भी एसईसीएल दीपका प्रबंधन के द्वारा खदान में ब्लास्टिंग की तीव्रता पर नियंत्रण नहीं है। 3 सितंबर को पूराना दीपका रोड निवासी अजय दुबे सनातन संघर्ष समिति के जिला संयोजक के शिव मंदिर का छत भरभरा कर जमीन पर गिर गया। गनिमत रही कि ईश्वर की कृपा से इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। वहीं आज शनिवार को पुराना दीपका रोड स्थित शांतिनगर हरदीबाजार में सरस्वती राठौर पति स्व.सेतराम राठौर के मकान के पीछे बने टायलेट पूरी तरह जमींदोज हो गया। शुक्र है कि उस वक्त कोई टायलेट नहीं गया था अन्यथा जान पर बन आती। बार-बार क्षेत्र में हो रही हैवी ब्लास्टिंग से घटना की जानकारी देने के बावजूद भी एसईसीएल दीपका प्रबंधन क्षेत्र के घना आबादी को देखते हुए भी जबरदस्ती हैवी ब्लास्टिंग कर लोगों की हत्या करने पर अमादा है। पीड़िता ने इसकी लिखित शिकायत सोमवार को संबंधित विभाग के अधिकारियों से करने की बात कही है।

### क्रिकेट के लिए खिलाड़ियों का चयन आज

**कोरबा।** सीनियर वर्ग समेत अंडर-23, अंडर-19 क्रिकेट टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन एचटीपीपी कोरबा पश्चिम के लाल मैदान में 7 सितंबर को सुबह 8.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# उद्योग मंत्री ने पुलिस लाइन में दिवंगत बच्चों को नम आंखों से दी श्रद्धांजलि



श्रद्धांजलि देते उद्योग मंत्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्रम एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने शनिवार को पुलिस लाइन कॉलोनी पहुंच कर तालाब में डूबने से दिवंगत बच्चों को पुष्प अर्पित कर परिजनों को ढांढस बंधाया। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही पुलिस कॉलोनी के तीन बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने पुलिस अधिकारियों से घटना की पूरी जानकारी ली। जिसके बाद शनिवार को मंत्री श्री देवांगन ने दिवंगत बच्चे के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान श्री देवांगन ने शोकाकुल परिवार जनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया। श्री देवांगन के साथ महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, राकेश नागरमल अग्रवाल, अभिषेक पालीवाल, अनिल यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बलौदाबाजार, हरदीबाजार एवं कोरबा में हुआ अंतिम संस्कार

शुक्रवार को पुलिस लाईन से खेलने जाने के नाम से घर से निकले पांच बच्चे रिस्दी स्थित तालाब पहुंचे ओर नहाने के दौरान पुलिस लाईन में निवासरत पुलिस कर्मी राजेश्वर सिंह ठाकुर का पुत्र युवराज ठाकुर, अयोध्या प्रसाद जगत का पुत्र प्रिंस जगत, जोलजस लकड़ा का पुत्र आकाश लकड़ा तालाब में डूबने लगे। जब उन्हें कोई मदद मिल पाती तीनों बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। एक साथ तीन पुलिस कर्मियों के तीन बच्चों के मौत से पुलिस महकमे में मातम पसर गया। हर कोई इस घटना को लेकर स्तब्ध नजर आ रहा था। दूसरे दिन शनिवार को गमगीन माहौल में तीनों मृतकों के शव का अंतिम संस्कार किया गया। मृतक युवराज ठाकुर का बलौदा बाजार, प्रिंज जगत का हरदीबाजार, आकाश लकड़ा का कोरबा स्थित स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

### बच्चों की मौत पर सांसद ने जताई संवेदना



तालाब में नहाने गए तीन बच्चों की दुखद मौत हो जाने पर सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने इस घटना पर संवेदना जताई है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को असीम दुरूख सहन करने की शक्ति देने ईश्वर से प्रार्थना की।




